# विद्या भारती संकुल संवाद

मई 2025
वैशाख-ज्येष्ठ
विक्रमी संवत 2082

“सा विद्या या विमुक्तये”





# प्रांतीय आचार्य सम्मेलन

## विशेष

- पंचपदी अधिगम प्रशिक्षण वर्ग
- कौशल विकास शिविर
- छात्रावास भवन का शिलान्यास
- 'बाल दीप' पुस्तक का लोकार्पण
- 94 वर्षीय पूर्व छात्र सरदार वरयाम सिंह जी का सम्मान
- पूज्य सरसंघचालक जी ने मेधावी छात्रा को किया सम्मानित
- छात्रा ने 500/500 अंक प्राप्त किए
- 11वी कक्षा के छात्र ने बचाई नासा की वेबसाइट










# प्रांतीय आचार्य सम्मेलन

## ज्ञान एवं शिक्षा का कोई विकल्प नहीं : अवनीश जी




पानीपत । विद्या भारती हरियाणा का तीन दिवसीय प्रांतीय आचार्य सम्मेलन सेवा साधना केन्द्र, पट्टी कल्याणा में आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र में विद्या भारती के उपाध्यक्ष अवनीश भटनागर जी ने कहा कि देश का विकास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ही निर्भर है। आदर्श शिक्षक अपने ज्ञान से संस्कारवान विद्यार्थी का निर्माण करता है। ज्ञान एवं शिक्षा का कोई विकल्प नहीं हो सकता। विद्या भारती के महामंत्री देशराज शर्मा जी ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता एवं समर्पण का भाव गुरुकुल की शिक्षा का आदर्श स्वरूप है और उसी का स्वरूप विद्या भारती है। शिक्षा का उद्देश व्यक्तित्व का विकास एवं चरित्र निर्माण होना चाहिए। इस प्रकार की शिक्षा देने में विद्या भारती आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। पूर्व आई.पी.एस. जम्मू-कश्मीर शक्ति पाठक जी ने कहा कि विद्या भारती द्वारा आयोजित इस प्रकार के प्रांत स्तरीय सम्मेलन मील का पत्थर साबित होंगे। इससे पूर्व सम्मेलन का शुभारम्भ विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविन्द चंद्र महंत जी, विजय नड्डा जी क्षेत्रीय संगठन मंत्री, डॉ. कैलाशचंद शर्मा जी, प्रो. दीप्ति धर्माणी जी, शक्ति पाठक जी, पूर्व आई.पी.एस. जम्मू-कश्मीर, डॉ. ऋषिराज वशिष्ठ जी अध्यक्ष हिन्दू शिक्षा समिति हरियाणा एवं सम्पूर्ण सिंह जी महामंत्री हरियाणा ने किया।

विद्या भारती प्रांतीय आचार्य सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में माननीय राज्यपाल बंगारु दत्तात्रेय जी का सम्बोधन रहा। राज्यपाल बंडारूदत्तात्रेय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आचार्य सम्मेलन में उपस्थित 70 विद्यालयों के लगभग 1250 आचार्यों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों आदि को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल धन उपार्जन का साधन नहीं है।

**"प्रेरक शिक्षण की दिशा में एक महान कदम — 'उद्दीप्त' प्रांतीय आचार्य सम्मेलन में गुरुदेव का मार्गदर्शन"**

प्रांतीय आचार्य सम्मेलन 'उद्दीप्त' में, परम पूज्य गुरुदेव नाम मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित आचार्यों को अपने अमूल्य विचारों से मार्गदर्शन प्रदान किया। गुरुदेव ने शिक्षा के प्रति श्रद्धा और उत्साह का संचार करते हुए आचार्यों को प्रेरित किया कि वे विद्यार्थी के समग्र व्यक्तित्व निर्माण में और भी अधिक समर्पण भाव से कार्य करें।






आगे जारी ...

## कुलपति/निदेशक बैठक

प्रांतीय आचार्य सम्मलेन के दूसरे दिन विश्वविद्यालयों के कुलपति/निदेशक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डॉ. रविंद्र कन्हेरे, अध्यक्ष, विद्या भारती भी उपस्थित रहे।





## संघ स्थान - पथ संचलन

प्रांतीय आचार्य सम्मेलन 2025 में संघ स्थान-पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस संचलन में श्री महिपाल ढांडा, शिक्षा मंत्री-हरियाणा सरकार की गरिमामयी उपस्थिति रही।





## पूर्व छात्र संवाद

श्री गोबिन्द चंद्र महंत (अखिल भारतीय संगठन मंत्री), श्री विजय जी (त्रिक्षेत्र संगठन मंत्री, संस्कार भारती), श्री रोशन लाल जी (क्षेत्र कार्यवाह), श्री विजय नड्डा (क्षेत्र संगठन मंत्री),श्री संजय कुंडू (पूर्व पुलिस महानिदेशक, हिमाचल प्रदेश), डॉ पंकज शर्मा (अखिल भारतीय संयोजक) , श्री संजय चौधरी (क्षेत्र संयोजक, पूर्व छात्र), और लगभाग 130 पूर्व छात्रों ने संवाद कार्यक्रम में भाग लिया।






## आचार्य सम्मलेन 2025 का सफल समापन

समापन कार्यक्रम में परम पूज्या आनंदमूर्ति गुरु माँ- ऋषि चैतन्य आश्रम, गन्नौर की गरिमामय उपस्थिति रही।



# क्षेत्रीय पंचपदी अधिगम प्रशिक्षण वर्ग

फतेहपुर। सरस्वती विद्या मंदिर, वी.आई.पी. रोड फतेहपुर में क्षेत्रीय पंचपदी अधिगम प्रशिक्षण वर्ग का (16 मई से 21 मई तक छह दिवसीय) आयोजन किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में पंचपदी अधिगम प्रक्रिया के पांचों चरणों अनुभव, अभिव्यक्ति, विश्लेषण, सामान्यीकरण एवं प्रयोग को व्यावहारिक रूप में समझाया गया। शिक्षण कौशल, कक्षा संचालन, मूल्य आधारित शिक्षा एवं बाल मनोविज्ञान पर आधारित विविध सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर विद्या भारती के उपाध्यक्ष अवनीश भटनागर जी ने पंचपदी अधिगम पद्धति की प्रासंगिकता, कार्यप्रणाली और आचार्य निर्माण में भूमिका पर प्रकाश






डाला। उन्होंने कहा कि पंचपदी विधि न केवल शिक्षा का साधन है, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव भी है। शिविर में विद्या भारती मानक परिषद के संयोजक राकेश शर्मा जी, अखिल भारतीय प्रशिक्षण प्रमुख अशोक पांडा जी, विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद जी, क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री, डॉ. राममनोहर जी, विद्या भारती कानपुर प्रांत के संगठन मंत्री रजनीश पाठक जी और उत्तर भारत क्षेत्र के 80 से अधिक प्रशिक्षणार्थी आचार्यों एवं आचार्या बहनों की सहभागिता रही।

# शिक्षकों के लिए एचपीसी और पंचपदी-आधारित पाठ योजना पर प्रशिक्षण सत्र

केरल | एर्नाकुलम जिले के सभी स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के रूप में भारतीय विद्या निकेतन ने जिले के सभी शिक्षकों के लिए एचपीसी और पंचपदी-आधारित पाठ योजना पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए। ये सत्र जिले के तीन क्षेत्रों चेंगमनाडु सरस्वती विद्या निकेतन, एलमक्कारा सरस्वती विद्या निकेतन और पेरुंबवूर व्यास विद्या निकेतन में आयोजित किए गए। इनका संचालन भारतीय विद्या निकेतन के राज्य कार्यकारी सदस्य और शैक्षणिक प्रमुख श्री के.पी. दिनेरामाशा द्वारा किया गया।

विभिन्न कार्यक्रमों में राज्य उपाध्यक्ष श्री आर.वी. जयकुमार, राज्य कार्यकारी सदस्य और जिला सीबीएसई प्रमुख श्री पूर्णिमा आर. चंद्रन, जिला शैक्षणिक प्रमुख श्री श्यामलामुरली और जिला शैक्षणिक सह-प्रमुख श्री संध्याश्रीकुमार सहित जिले के 15 स्कूलों के कुल 239 शिक्षकों ने भाग लिया।





# 'बाल दीप' पुस्तक का लोकार्पण

ब्रज | विद्या भारती ब्रज प्रदेश के प्रचार केन्द्र-माधव संवाद केन्द्र में डॉ. दीपा संजय, बरेली की प्रसिद्ध कवयित्री द्वारा रचित "बाल दीप" खण्ड 1, 2, 3, 4 का लोकार्पण डॉ. राम सेवक, निदेशक-सरस्वती विद्या मन्दिर, ब्रज प्रदेश प्रकाशन, श्री नेत्रपाल सिंह यादव-पूर्व प्रदेश निरीक्षक संप्रति प्रभारी निदेशक सरस्वती शिशु मन्दिर प्रकाशन और श्री कुमार-प्रखर प्रान्त सोशल मीडिया एडमिन ने किया। इन चारों खण्डों में पूर्व प्राथमिक और प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए सरल और सुबोध भाषा में शिशु और बाल गीत संग्रहित हैं। डॉ. राम सेवक ने कहा कि इन पुस्तकों में भारतीय जीवनमूल्यों के संरक्षण और संवर्धन पर बल दिया गया है। इस अवसर पर डॉ. दीपा संजय जी द्वारा काव्यपाठ किया गया।




# छात्रावास भवन का शिलान्यास

लेह-लद्दाख | भारतीय शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय, चोगलमसर, लेह-लद्दाख में रजत जयंती समारोह के अवसर पर छात्रावास भवन का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया गया। जिन छात्रों ने 10वीं कक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें आईपैड और लैपटॉप प्रदान किया गया। इस अवसर पर माननीय गोबिन्द चंद्र महंत जी- संगठन मंत्री, देशराज शर्मा जी विद्या भारती के महामंत्री ने विचार रखे। कार्यक्रम में श्री सुखराज सेठिया, श्री सतीश माहेश्वरी, श्री स्टैनजिन चोस्पेल और श्री टाशी तुंडुप आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री वेद भूषण शर्मा जी ने की। प्रधानाचार्य श्री गोपाल सिंह, विद्या भारती जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के वरिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधि, अभिभावक और पूर्व छात्र भी मौजूद रहे।








# प्रचार विभाग की कार्यशाला

मेरठ। विद्या भारती मेरठ प्रांत के जिला प्रचार प्रमुखों की कार्यशाला का आयोजन कमला देवी सरस्वती शिशु मंदिर, मेरठ में हुआ। कार्यशाला में प्रान्त टोली और 14 जनपदों के जिला संयोजकों की भागीदारी रही।

कार्यशाला के प्रारंभ में क्षेत्र संयोजक अक्षि अग्रवाल जी ने प्रचार विभाग की आवश्यकता, प्रान्त प्रचार संयोजक डा. नीरज शर्मा जी ने सोशल मीडिया के संबंध में तथा पत्रिका संपादक डा. नरेंद्र मिश्र ने प्रेस विज्ञप्ति तैयार करने और फोटो चयन को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां दी। प्रान्त संगठन मंत्री श्री प्रदीप जी ने विद्या भारती में प्रचार क्यों और कैसे किया जाये, विद्यालयों में प्रचार की आवश्यकता और करणीय कार्यो के विषय में मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से प्रान्त प्रचार सह संयोजक जगवीर शर्मा जी, श्री हेमराज जी, श्री मदनपाल जी और प्रधानाचार्य श्री कृष्णकुमार शर्मा जी आदि उपस्थित रहे।








# प्रेरक उद्बोधन

छत्तीसगढ़ प्रांत के आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग चांपा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह मा. रामदत्त जी चक्रधर का भारत का सांस्कृतिक स्वरूप पर प्रेरक उद्बोधन हुआ।

# राज्यपाल श्री हरिभाऊ किशनराव वागड़े जी से भेंट

राजस्थान | विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ किशनराव वागड़े जी से शिष्टाचार भेंट कर उनका अभिनंदन किया। प्रतिनिधिमंडल में विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री शिवप्रसाद जी, क्षेत्र संगठन मंत्री गोविंद कुमार जी, जयपुर प्रांत मंत्री डॉ. बृजमोहन वर्मा जी एवं अखिल भारतीय सह संयोजक प्रशिक्षण राममनोहर शर्मा जी सम्मिलित थे। प्रतिनिधिमंडल ने माननीय राज्यपाल को विद्या भारती की विशिष्ट गतिविधियों की जानकारी दी।





# शिक्षकों के लिए उत्कर्ष, क्षमता निर्माण कार्यक्रम

वेद व्यास विद्यापीठ हर साल शिक्षकों के लिए दस दिवसीय उत्कर्ष, क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करता है। इस वर्ष यह कार्यक्रम 19 मई से 30 मई 2025 तक आयोजित किया गया। इस दौरान शैक्षणिक नेता, एक मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य, विद्या भारती और पंचपरिवर्तन, विद्या भारती सक्षम शिक्षक, सॉफ्टस्किल प्रशिक्षण, एनसीएफ-एफएस, एसई एचपीसी, पंचपदी पाठ योजना और अनुभवात्मक अधिगम पर सत्र आयोजित किए गए।






# 94 वर्षीय पूर्व छात्र सरदार वरयाम सिंह जी का सम्मान

विद्या भारती उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री श्री विजय नड्डा जी और पूर्व छात्र संयोजक डॉ. पंकज शर्मा जी ने घर जाकर पूर्व छात्र 94 वर्षीय सरदार वरयाम सिंह जी को विद्या भारती की ओर से सम्मानित किया। सरदार वरयाम सिंह जी श्रीमदभगवद् गीता विद्यालय कुरुक्षेत्र के 1950 बैच के छात्र थे। उनका जन्म 10 जुलाई 1931 को हुआ था। सरदार वरयाम सिंह जी ने स्कूल की बातों को याद किया और गुरु गोलवकर जी द्वारा 1946 में गीता विद्यालय की स्थापना का जिक्र किया। श्री वरयाम सिंह जी के दोनो बेटे भी गीता विद्यालय के पूर्व छात्र हैं।



# ढेंकानाल जिला पूर्व छात्र सम्मेलन

ओडिशा | विद्या भारती, शिक्षा विकास समिति ओडिशा, ढेंकानाल जिला पूर्व छात्र सम्मेलन 14 मई को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, ढेंकानाल परिसर में आयोजित किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद राव जी पारधी, पूर्व क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य दिवाकर जी घोष, पूर्व छात्र परिषद सह प्रान्त संयोजक रश्मिरंजन दास, मध्य संभाग संपादक संतोष कुमार परष्टी आदि उपस्थित रहे। पूर्व छात्र पोर्टल पंजीकरण, पूर्व छात्र समूह का गठन, पूर्व छात्रों का व्यक्तिगत विकास, विद्यालय एवं समाज के विकास में पूर्व छात्रों की भूमिका आदि विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में ढेंकानाल जिले के पांच संकुल के 35 शिशु विद्या मंदिरों के 491 पूर्व छात्र उपस्थित थे।





# कौशल विकास शिविर

गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर में 12 दिवसीय कौशल विकास शिविर का आयोजन किया गया। उप प्रधानाचार्य रमा शर्मा ने शिविर का अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसमें 30 कौशल मॉड्यूल और शैक्षणिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया। कौशल विकास शिविर को दो समूहों में विभाजित किया गया। पहला कक्षा 6 से 8वीं और दूसरा कक्षा 9 से 11वीं तक जिसमें 600 से अधिक प्रतिभागी शामिल रहे।

विद्या भारती के प्रान्त संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता जी ने विद्यार्थियों को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य जगदीश जी ने कौशल शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। शिविर में जैन पाल जैन जी प्रमुख, विद्या भारती कौशल विकास प्रभाग और विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश राघव जी आदि उपस्थित रहे।





# नवीन आचार्य एवं कार्यालय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग

## आचार्य अपने आचरण से शिक्षार्थियों में भरें आत्मबल- स्वामी परिपूर्णानंद

झारखंड | **आचार्य वह है जो अपने आचरण से शिक्षार्थियों में आत्मबल एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव जागृत करता है।** उक्त बातें विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय कुदलुम, रांची में आयोजित 20 दिवसीय नवीन आचार्य एवं कार्यालय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि चिन्मय मिशन के स्वामी परिपूर्णानंद जी महाराज ने कहीं। उन्होंने कहा कि आचार्य आत्मबल से परिपूर्ण हो और भैया बहनों को जीवन जीने की प्रेरणा के साथ अध्ययन अध्यापन का कार्य कराए।

अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्माजी राव ने आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या भारती आज भी भारतीय ज्ञान परंपरा को जीवित रखने का कार्य कर रही है और हमारी पंचपदी शिक्षण पद्धति विद्यार्थियों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है। विद्या विकास समिति के अध्यक्ष राम अवतार नरसरिया ने बताया कि हमारे आचार्य आचरण से संस्कारयुक्त शिक्षा देते है एवं आचार्य स्वयं ट्रांसफॉर्म होकर ट्रांसफार्मर बने ऐसा इस ट्रेनिंग का उद्देश्य है। कार्यक्रम की प्रस्तावना देते हुए विद्या भारती के प्रदेश सचिव ने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ज्ञान के दीप को जलाए रखना है और आचार्यों के क्षमता को और निखारने का है।

आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के मुख्य अतिथि झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो. क्षिति भूषण दास ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जीवन आधारित ज्ञान परंपरा के वाहक आप आचार्य ही हैं। आपके हाथों में राष्ट्र का भविष्य पलता है। आप सब अपने जिम्मेवारियों का निर्वहन करेंगे। प्रदेश मंत्री डॉ. ब्रजेश कुमार एवं प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा ने भी अपने विचार वयक्त किए।






# उपलब्धियां

## पूज्य सरसंघचालक जी ने मेधावी छात्रा को किया सम्मानित

राजस्थान | आदर्श शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित शारदा बाल निकेतन नागौर की छात्रा पूजा चौधरी ने दसवीं कक्षा में 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजस्थान बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर पूजा चौधरी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूज्य सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने सम्मानित किया।



## मेधावी छात्र-छात्राओं का अभिनन्दन

ओड़िशा | शिक्षा विकास समिति, ओड़िशा के सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों ने दशम कक्षा बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर पर प्रथम 10 स्थानों पर रहने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को 18 मई को आंचलिक शिक्षा प्रतिष्ठान, भुवनेश्वर परिसर में सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षा में 584 अंक प्राप्त कर संयुक्त टापर होने वाले सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगड़ की बबिता रथ और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तुलसीपुर, कटक के चन्दन कुमार महान्त समेत अन्य सभी मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके माता-पिता एवं विद्यालय के प्रधान आचार्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्या भारती के संगठन मंत्री श्री गोबिन्द चन्द्र महन्त, आंचलिक शिक्षा प्रतिष्ठान के अध्यक्ष श्री प्रकाश चन्द्र अग्रवाल एवं शिक्षा विकास समिति, ओड़िशा के अध्यक्ष क़िशोर चन्द्र महान्ति, विद्या भारती पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री आनन्द राव पारधी, पूर्व क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य श्री दिवाकर घोष आदि उपस्थित रहे।






## यूपी बोर्ड परीक्षा में मेरिट में बनाया स्थान











उत्तर प्रदेश हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामसनेहीघाट बाराबंकी के अभिषेक कुमार यादव ने 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान, डॉ. देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर बिलारी, मुरादाबाद की दो छात्राओं ऋतु गर्ग ने 97.5 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में तीसरा स्थान और इरम फातिमा ने 96.33 प्रतिशत अंको के साथ प्रदेश में 10 वां स्थान प्राप्त किया है। सरस्वती शिशु मंदिर तहसील फतेहपुर बाराबंकी की शुभी वर्मा ने प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया है। वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर जिला सुल्तानपुर के आदर्श यादव ने 96.80 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

# सीबीएसई परीक्षा में भी जमाई धाक




मथुरा के श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन से एक बार फिर अपनी धाक जमाई है। विद्यालय के इंटरमीडिएट के तरुण अग्रवाल ने 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया द्वितीय रैंक हासिल की वहीं काकुल शर्मा ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वहीं कक्षा 10 में आकृति अग्रवाल ने 99 प्रतिशत, युवराज जोशी 98.6 प्रतिशत और जयसिंह राघव ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 329 छात्रों में से 44 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। 319 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। कक्षा 10 में कुल 316 छात्रों में से 109 छात्रों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले हैं और 308 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

# मैट्रिकुलेशन परिणाम पीएसईबी

एस.एस. वरिष्ठ माध्यमिक वी.एम. बरनाला के छात्र इशान सिंगला ने 96.77 प्रतिशत अंकों के साथ 21वीं रैंक और जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

सर्वहितकारी वी.एम. हाईस्कूल फतेहगढ़, चूड़ियां की छात्रा अर्शदीप कौर ने 96.62 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में 22वीं रैंक प्राप्त की है।




# विद्या मंदिर रतनगढ़ के मेधावियों का सम्मान




श्री दुर्गाप्रसाद धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर रतनगढ के 12वीं कक्षा के अर्जुन ढाका ने विज्ञान वर्ग में 98.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंकित राठौड़ ने विज्ञान वर्ग में 97.20 प्रतिशत, चमन ठठेरा ने वणिज्य वर्ग में 96 प्रतिशत, दिव्यांशु सेवदा ने विज्ञान वर्ग में 95.60 प्रतिशत, दिव्यांशु प्रजापत ने विज्ञान वर्ग में 95.20 प्रतिशत, आदित्य सोलंकी ने विज्ञान वर्ग में 92.80 प्रतिशत, दलीप कुमार लोहिया ने वणिज्य वर्ग में 92.80 प्रतिशत, जय प्रकाश शर्मा ने विज्ञान वर्ग में 90.60 प्रतिशत, चंचल सोनी ने कला वर्ग में 90.40 प्रतिशत, कोमल चांडक ने कला वर्ग में 90.20 प्रतिशत, आनन्द स्वामी ने विज्ञान वर्ग में 89.20 प्रतिशत, नरेश तेतरवाल ने विज्ञान वर्ग में 87.40 प्रतिशत, एकता सारस्वत ने वणिज्य वर्ग में 86.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रतनगढ़, विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया है।

विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री श्री शिवप्रसाद जी, जिला सचिव त्रिवक्रम अपूर्वा, व्यवस्थापक रामावतार शर्मा आदि ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

## 500/500 अंक प्राप्त किए



सर्वहितकारी विद्या मंदिर बरनाला, पंजाब की छात्रा हरसीरत कौर ने 12वीं कक्षा में पंजाब में प्रथम स्थान प्राप्त कर चमकाया विद्यालय का नाम। विद्या भारती की छात्रा हरसीरत कौर सुपुत्री सरदार सिमरदीप सिंह ने इस परीक्षा में शत - प्रतिशत अंक (500/500) लेकर पंजाब में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भरतगढ़ दतिया को दो पदक




खेलो इंडिया यूथ गेम्स - 2025....
05 से 15 मई तक बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स- 2025 में सरस्वती विद्या मंदिर भरतगढ़ दतिया (म. प्र.) की अंजलि रावत ने स्वर्ण पदक तथा सत्यम दांगी ने रजत पदक जीता।



## आरांक्षा सुगार को 'ढ़ाई आखर' प्रतियोगिता में प्रथम स्थान






दसवीं की छात्रा आरांक्षा सुगार को 'ढ़ाई आखर' प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला है। महाशय चुन्नीलाल सरस्वती बाल मंदिर, हरिनगर, नई दिल्ली की कक्षा दसवीं की छात्रा आरांक्षा सुगार ने 'ढ़ाई आखर' राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता (2024–25) में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और सम्पूर्ण क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

यह प्रतियोगिता भारत सरकार के संचार मंत्रालय के डाक विभाग द्वारा आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता का विषय "The Joy of Writing: Importance of Letters in a Digital Age" था। इस उपलब्धि के लिए आरांक्षा को 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। 5 मई को आयोजित समारोह में मुख्य डाकपाल, दिल्ली सर्कल ने सम्मानित किया।

## पूर्व छात्रा शुभि गुर्जर का चयन




शुभि गुर्जर (विद्या भारती पूर्व छात्र, सरस्वती शिशु मंदिर भांडेर) का MPPSC द्वारा आयोजित परीक्षा में 9वीं रैंक प्राप्त कर प्रोफेसर पद पर चयन।

## 11वी कक्षा के छात्र युवराज ने बचाई नासा की वेबसाइट



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दामोदर नगर कानपुर के 11वीं कक्षा के छात्र युवराज गुप्ता ने साइबर हमले से नासा की वेबसाइट को बचाकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। युवराज ने वेबसाइट में एक तकनीकी खामी को पहचाना और समय रहते इसकी सूचना नासा को भेज दी। इसके बाद नासा ने उन्हें प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। युवराज के इस तकनीकी कौशल की सराहना देश-विदेश में हो रही है।

## पूर्व छात्रा शीलू यादव को साउथ कोरिया इंटरनेशनल मैराथन में गोल्ड



सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बाहर दतिया गेट झांसी की पूर्व छात्रा एवं विद्या भारती की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी शीलू यादव ने साउथ कोरिया में हुई इंटरनेशनल मैराथन में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया।


# विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान

## प्रज्ञा सदन

जी.एल.टी. सरस्वती बाल मंदिर परिसर, नेहरू नगर, महात्मा गांधी मार्ग, नई दिल्ली - 110065

@VidyaBharatiIN

www.vidyabharti.net www.vidyabharatisamvad.com

Email : vbabss@yahoo.com | vbsamvad@gmail.com

Contact Us : 91 - 11 -29840013, 29840126, 20886126